**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र : (2025-2026)**

**<u>साप्ताहिक परीक्षा-1(पुनरावृत्ति पत्रिका)</u>**

**कक्षा : पाँचवीं** **विषय : हिंदी**

**<u>उपविषय</u> - पाठ-1 (कविता) संग देश हमारा चलता है**

**पाठ-2 भिक्षा-पात्र**

**<u>व्याकरण</u> - पाठ-1 भाषा और व्याकरण**

**<u>खंड - क</u>**

**प्र० 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। यदि शरीर स्वस्थ है, तो मन प्रसन्न रहता है और हम अपने कार्यों को अच्छे से कर सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए हमें नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए, संतुलित भोजन करना चाहिए और पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। ताज़े फल और हरी सब्ज़ियाँ खाने से शरीर को आवश्यक पोषण मिलता है।स्वच्छता का पालन करना, जैसे हाथ धोना और साफ़ -सफ़ाई रखना हमें बीमारियों से बचाता है। यदि हम जीवन में इन आदतों को अपनाएँ, तो हम हमेशा स्वस्थ और खुश रह सकते हैं और अपने जीवन को अधिक खूबसूरत बना सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने आस-पास की स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि अच्छा स्वास्थ्य जीवन का अनमोल वरदान है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

i) स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए ?

ii) शरीर को आवश्यक पोषण किससे मिलता है ?

**ख) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-**

i) प्रसन्न - उदासी , बेचैनी , खुश

ii) खूबसूरत - सुंदर , कुरूप , अस्वच्छ

**ग) निम्नलिखित वाक्य के आगे सही ✔️या गलत ❌ का निशान लगाइए-**

i) स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है।( )

**<u>खंड – ख</u>**

**प्र० 2 निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा का सही रूप लिखिए-**

क) दादाजी समाचार सुन रहे हैं।

ख) बच्चे कविता लिख रहे हैं।

**प्र० 3 निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-**

क) मालिन माला बना रहा है।

ख) मेरे को तुम्हारे साथ जाना है।

ग) हम आज ही दिल्ली जाऊँगा।

**प्र० 4 रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित  शब्द चुनकर कीजिए-**

क) गुजरात में _____ भाषा बोली जाती है। (गुजराती / हिंदी)

ख) फ्रांस  में ____ भाषा बोली जाती है। (फ्रेंच / स्पेनिश )

ग) _______ हमारी अंतराष्ट्रीय भाषा है । (हिंदी / अंग्रेज़ी )

**प्र० 5 निम्नलिखित भाषाओं की लिपि लिखिए-**

क) पंजाबी      -                   ख) उर्दू-

**<u>खंड – ग</u>**

**प्र०6 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर  दीजिए-**

नगर में अकाल पड़ा था। जिसके पास थोड़ा-बहुत अन्न था, उसने छिपाकर दुर्दिन के लिए रख लिया था। प्रजा हाहाकार कर उठी। गौतम बुद्ध से जन-जन की परेशानी देखी न गई। उन्होंने अपने शिष्यों को इकट्ठा किया। नगर के धनी भक्तजनों को बुला भेजा।विनम्र स्वर में बुद्ध ने प्रश्न किया, "प्रियजनो! बोलो, भूखी प्रजा को अन्न देने के लिए तुममें से कौन-कौन तैयार है ?”

**क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

i) प्रजा हाहाकार क्यों कर उठी?

ii) गौतम बुद्ध ने धनी भक्तजनों से क्या प्रश्न किया?

**ख) सही ✔️या गलत ❌ का निशान लगाइए-**

i) नगर में प्रजा खुश थी।        ( )

**प्र०7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

क) पशु - पक्षी और प्रजा क्यों व्याकुल थे?

ख) सुप्रिया ने जन - जन तक अन्न पहुँचाने की क्या योजना सोची?

**प्र०8 निम्नलिखित शब्द का अर्थ लिख कर वाक्य बनाइए-**

क) लज्जा -

**प्र०9 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-**

क) महात्मा बुद्ध ने मधुर मुस्कान के साथ अपना ______आशीर्वाद के रूप में उठाया।

**प्र०10 सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

क) सुप्रिया किसकी बेटी थी ?

i) जयसेन                ii) अनाथपिंडद                iii) धर्मपाल

**प्र०11कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करें-**

क) विज्ञान औ तकनीकी को ,

_________________ ।

ख) __________________,

सारी दुनिया में भेजा है।

